www.railsamacharbureauald.com
सम्पूर्ण भारतीय रेल जगत का प्रथम पाक्षिक, प्रयागराज से प्रकाशित

रेल समाचार ब्यूरो

सन् 1990 से रेल सेवा में समर्पित

''आपकी यात्र तभी सुखद है जब आपका सहयात्री भी साफ-सफाई का ध्यान रखे। सफर में स्वच्छता व्यक्तिगत पसंद नहीं, बल्कि राष्ट्रीय कर्तव्य है।''

''गंदगी सिर्फ आँखों को नहीं चुभती, वह पूरे देश की छवि को धुँधला करती है। रेल में स्वच्छता बनाए रखकर, हम राष्ट्र के प्रति अपना प्रेम दर्शाते हैं।''

वर्ष-35 अंक:21 रेल समाचार ब्यूरो प्रयागराज 01-15 नवंबर 2025 पृष्ठ 08, मूल्य:20 रु. मात्र. डाक खर्च (रंगीन सहित)

यात्रियों की सुविधा में बड़ा विस्तार-

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश भर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 76 यात्री आवास क्षेत्र विकसित करने की योजना को मंजूरी दी

सूत्र/रे.स.ब्यू-केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री अश्विनी वैष्णव ने देश भर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 76 यात्री आवास क्षेत्र (होल्डिंग एरिया) विकसित करने की योजना को मंजूरी दे दी है। यह निर्णय नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्री आवास क्षेत्र की सफलता के बाद लिया गया है।

देश भर में नियोजित यात्री आवास क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी और इनका स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार निर्माण किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिया है कि सभी यात्री आवास क्षेत्र 2026 के त्यौहारी सीजन से पहले ही पूरे हो जाने चाहिए।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन ने दिवाली और छठ के दौरान यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को अपने नए विकसित यात्री आवास क्षेत्र की मदद से प्रबंधित किया। इसे चार महीने की के भीतर तैयार किया गया। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा केंद्र (स्थायी होल्डिंग एरिया) को किसी भी समय लगभग 7,000 यात्रियों को समायोजित करने के लिए डिजाइन किया गया है, इसमें प्री-बोर्डिंग सुविधा और यात्री आने में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यात्रियों की आवाजाही को सुव्यवस्थित करने के लिए इस सुविधा को रणनीतिक रूप से तीन क्षेत्रों - टिकटिंग, पोस्ट-टिकटिंग और प्री-टिकटिंग-में बांटा गया है। नई दिल्ली स्टेशन का होल्डिंग एरिया 7,000 से अधिक यात्रियों को समायोजित कर सकता है और यहां पुरुषों और महिलाओं के लिए 150-150 शौचालय, टिकट काउंटर, स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनें और मुफ्त शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध है।

76 स्टेशनों की सूची:

क्र.सं.	क्षेत्रीय रेलवे	रेलवे स्टेशन का नाम	संख्या
1	सेंट्रल	मुंबई सीएसएमटी, लोकमान्य तिलक टर्मिनस, नागपुर, नासिक रोड, पुणे, दादर	6
2	पूर्वी	हावड़ा, सियालदह, आसनसोल, भागलपुर, जसीडीह	5
3	पूर्व मध्य	पटना, दानापुर, मुजफ्फरपुर, गया, दरभंगा, पं. दीन दयाल उपाध्याय	6
4	पूर्वी तट	भुवनेश्वर, विशाखापत्तनम, पुरी	3
5	उत्तरी	नई दिल्ली, आनंद विहार टर्मिनल, हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली, गाजियाबाद, जम्मू तवी, श्री माता वैष्णो देवी कटरा, लुधियाना, लखनऊ (एनआर), वाराणसी, अयोध्या धाम, हरिद्वार	12
6	उत्तर मध्य	कानपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, मथुरा, आगरा कैंट।	4
7	उत्तर पूर्वी	गोरखपुर, बनारस, छपरा, लखनऊ जं. (एनईआर)	4
8	पूर्वोत्तर सीमांत	गुवाहाटी, कटिहार	2
9	उत्तर पश्चिमी	जयपुर, गांधी नगर जयपुर, अजमेर, जोधपुर, रींगस	5
10	दक्षिण	एमजीआर चेन्नई सेंट्रल, चेन्नई एग्मोर, कोयंबटूर जंक्शन, एर्नाकुलम जंक्शन।	4
11	दक्षिण मध्य	सिकंदराबाद, विजयवाड़ा, तिरूपति, गुंटूर, काचीगुडा, राजमुंदरी	6
12	दक्षिण पूर्वी	रांची, टाटा, शालीमार	3
13	दक्षिण पूर्व मध्य	रायपुर	1
14	दक्षिण पश्चिमी	एसएमवीटी बेंगलुरु, यशवंतपुर, मैसूरु, कृष्णराजपुरम	4
15	वेस्टर्न	मुंबई सेंट्रल, बांद्रा टर्मिनस, उधना, सूरत, अहमदाबाद, उज्जैन, वडोदरा, सीहोर	8
16	पश्चिम मध्य	भोपाल, जबलपुर, कोटा	3

रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न यात्री सुविधाओं का लोकार्पण एवं जयपुर-असारवा एक्सप्रेस के सभी वातानुकुलित श्रेणी के यात्रियों के लिए कंबल कवर की सुविधा का शुभारंभ, खातीपुरा (जयपुर) से माननीय रेलमंत्री द्वारा किया गया शुभारंभ।

सूत्र/रे.स.ब्यू- श्री अश्विनी वैष्णव, माननीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे पर विभिन्न यात्री सुविधाओं का विस्तार करते हुए 65 छोटे एवं मध्यम स्टेशनों पर नए प्लेटफॉर्म, प्लेटफॉर्म उन्नयन एवं विस्तार तथा एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली का लोकार्पण एवं जयपुर-असारवा एक्सप्रेस के सभी वातानुकूलित श्रेणी के यात्रियों के लिए प्रिटेंड कंबल कवर की सुविधा का शुभारंभ दिनांक 16.10.2025, गुरूवार को खातीपुरा (जयपुर) पर आयोजित कार्यक्रम से किया गया ।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार श्री अश्विनी वैष्णव, माननीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, भारत सरकार द्वारा विभिन्न यात्री सुविधाओं का विस्तार करते हुए 65 छोटे एवं मध्यम स्टेशनों पर नए प्लेटफॉर्म, प्लेटफॉर्म उन्नयन एवं विस्तार तथा एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली का लोकार्पण एवं जयपुर-असारवा एक्सप्रेस के सभी वातानुकूलित श्रेणी के यात्रियों के लिए प्रिटेंड कंबल कवर की शुरूआत दिनांक 16.10.2025, गुरूवार को खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम से की गई।

रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने अपने उद्-बोधन में कहा कि उत्तर पश्चिम रेलवे के 65 छोटे एवं मध्यम स्टेशनों पर नए प्लेटफॉर्म, प्लेटफॉर्म उन्नयन एवं विस्तार तथा एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली की सुविधाओं का लोकापर्ण किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में रेलवे क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हो रहा है और रेलवे क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और मार्गदर्शन के कारण ही रेलवे क्षेत्र में इतने बड़े परिवर्तन संभव हो पाए हैं। कार्यक्रम के दौरान रेलमंत्री ने जयपुर -असारवा एक्सप्रेस के सभी वातानुकूलित श्रेणी के यात्रियों के लिए प्रायोगिक तौर पर प्रिटेंड कंबल कवर की सुविधा की भी शुरूआत की गई।

रेल मंत्रालय ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा सत्यनिष्ठा शपथ दिलाकर सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2025 (27 अक्टूबर-2 नवंबर) की शुरुआत की।

सूत्र/रे.स.ब्यू- रेल मंत्रालय, केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के नेतृत्व में आयोजित राष्ट्रव्यापी सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अनुरूप, रेलवे बोर्ड में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 मना रहा है। इस सप्ताह का उद्देश्य लोक प्रशासन में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम की शुरुआत रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीआरबी), श्री सतीश कुमार द्वारा रेलवे बोर्ड के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को ईमानदारी की शपथ दिलाकर हुई। शपथ समारोह में मंत्रालय के विभिन्न निदेशालयों के वरिष्ठ अधिकारियों और पदाधिकारियों ने प्रत्यक्ष और आभासी रूप से भाग लिया। यह सप्ताह 27 अक्टूबर 2025 से 2 नवंबर 2025 तक चलेगा।

केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा अधिसूचित सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का विषय ''सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी'' है। यह विषय नैतिक आचरण, शासन में पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त संगठन के निर्माण हेतु सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर जोर देता है। अपने संबोधन में, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने सुशासन को बढ़ावा देने में सतर्कता की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और सभी अधिकारियों से ईमानदारी, दक्षता और जनसेवा के मूल्यों को बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने पारदर्शिता को मजबूत करने और कदाचार की गुंजाइश कम करने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा किए गए विभिन्न डिजिटल और प्रणालीगत सुधारों पर भी प्रकाश डाला।

सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2025 का विषय ''सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी'' है, जो शासन में नैतिक आचरण और पारदर्शिता पर जोर देता है।

रेलवे बोर्ड के सतर्कता निदेशालय ने पूरे सप्ताह के दौरान कई गतिविधियों की योजना बनाई है, जिनमें सेमिनार, कार्यशालाएं, पोस्टर अभियान और इंटरैक्टिव सत्र शामिल हैं, जिनका उद्देश्य सार्वजनिक सेवा में निवारक सतर्कता और नैतिकता के बारे में जागरूकता फैलाना है।

Scanned with OKEN Scanner

उत्तर मध्य रेलवे ने दर्ज किया प्रभावशाली प्रदर्शन: अक्टूबर 2025 तक लदान में 7.9% की वृद्धि और माल भाड़ा राजस्व अर्जन में उल्लेखनीय सुधार

सूत्र/रे.स.ब्यू- उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) जोन ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में अक्टूबर 2025 तक अपने माल लदान और उससे प्रतिफलित राजस्व में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की है। इसमें प्रारंभिक लोडिंग और अनलोडिंग में सुधार उल्लेखनीय है। यद्यपि उत्तर मध्य रेलवे एक मूलतः यात्री सेवा यातायात वाली रेल है और इस पर बहुतायत पासिंग माल परिवहन होता है पर एक कुशल योजना निर्माण, बेहतर ग्राहक सुविधा प्रयासों और उत्कृष्ट क्रियान्वयन द्वारा इस उपलब्धि को हासिल किया गया है।

उत्तर मध्य रेलवे ने अपने आरंभिक माल लदान के क्रम में अक्टूबर 2025 में, 1.652 मिलियन टन (एमटी) माल लदान दर्ज किया। यह पिछले वर्ष के इसी महीने अक्टूबर 2024 में 1.357 एमटी की तुलना में 21.7% की असाधारण वृद्धि है। इसी क्रम में अप्रैल-अक्टूबर 2025 तक वित्तीय वर्ष के लिए संचयी लदान 11.68 एमटी रहा। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि में हासिल किए गए लदान की तुलना में 7.9% की अच्छी वृद्धि है। यह इंक्रीमेंटल लोडिंग के क्रम में भारतीय रेल के समस्त जोनों की तुलना में तीसरा सबसे अच्छा प्रदर्शन है।

इस माल लदान में वृद्धि का सीधा असर माल लदान राजस्व में भी हुआ है और वर्तमान वित्त वर्ष के अक्टूबर 2025 के महीने तक कुल माल अर्जन 1313.61 करोड़ रही जबकि पिछले वर्ष यह 1201.97 करोड़ थी। यह यह प्रदर्शन 111.64 करोड़ की शुद्ध वृद्धि को दर्शाता है। यह 2024-25 की इसी अवधि की तुलना में 9.3% की वृद्धि है और यह वृद्धि भी भारतीय रेल का तीसरा सबसे बेहतर अर्जन प्रतिशत वृद्धि है।

इसी क्रम में जोन की आवक यातायात को संभालने की क्षमता भी अनलोडिंग की वृद्धि में परिलक्षित हुई है। वर्तमान वर्ष की संचयी अनलोडिंग के क्रम में उत्तर मध्य रेलवे ने 43.01 एमटी की अनलोडिंग की है। यह पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में हुई अनलोडिंग की तुलना में 10.6% का सुधार है जो संपूर्ण भारतीय रेल का दूसरा सबसे बेहतर प्रदर्शन है।

इस प्रदर्शन पर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री नरेश पाल सिंह ने सभी संबंधित विभागों और कर्मियों को बधाई देते हुए और आगे भी प्रदर्शन बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि ''हमारे अक्टूबर के मासिक लदान में दोहरे अंकों की वृद्धि और माल भाड़ा अर्जन में लगभग 10% का सुधार हमारी टीम के समर्पण और हमारी ग्राहक-केंद्रित रणनीतियों की सफलता का प्रमाण है, और हम अपने वार्षिक लक्ष्यों को पार करने और कुशल एवं भरोसेमंद लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदान करके राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान जारी रखने के लिए इस गति को बनाए रखने के लिए

अनुरक्षण सुविधाओं को अधिक बेहतर बनाने के लिए भगत की कोठी (जोधपुर) में मैंटेनेंस डिपो के द्वितीय चरण का कार्य स्वीकृत

श्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने 195 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की।

सूत्र/रे.स.ब्यू- रेलवे में अनुरक्षण सुविधाओं को बेहतर बनाने के कार्य वृहद् स्तर पर किए जा रहे हैं ताकि उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर यात्रियों को अधिकाधिक रेल सुविधाएं प्रदान की जा सकेगी। राजस्थान में रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर में बढ़ोतरी करने के क्रम में भगत की कोठी (जोधपुर) में अत्याधुनिक तकनीक युक्त स्लीपर वंदे भारत ट्रेनों के लिए वंदे भारत मैंटेनेंस डिपो का कार्य प्रगति पर है। अनुरक्षण सुविधाओं का विस्तार करने के क्रम में भगत की कोठी में मैंटेनेंस सह वर्कशॉप डिपो के कार्य के द्वितीय चरण को श्री अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। अनुरक्षण डिपो के विस्तार से भविष्य में अत्याधुनिक तकनीक युक्त स्लीपर वंदे भारत ट्रेनों का अनुरक्षण एक ही स्थान पर संभव हो सकेगा जिससे क्षेत्र में अधिक ट्रेनों का संचालन हो सकेगा और रेल कनेक्टिविटी का विस्तार होगा।

भगत की कोठी (जोधपुर) में स्लीपर वंदे भारत ट्रेनों के अनुरक्षण के लिए 167 करोड़ रूपए की लागत से वंदे भारत मैंटेनेंस डिपो के निर्माण कार्य का शिलान्यास माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 16 फरवरी 2024 को किया था तथा इसका निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। भगत की कोठी (जोधपुर) में अत्याधुनिक तकनीक युक्त स्लीपर वंदे भारत ट्रेनों के अनुरक्षण सुविधाओं का विस्तार करने के क्रम में माननीय रेल मंत्री द्वारा मैंटेनेंस सह वर्कशॉप डिपो के कार्य के द्वितीय चरण को 195 करोड़ रूपए की लागत के साथ स्वीकृति प्रदान की गई है। भगत की कोठी में मैंटेनेंस कम वर्कशॉप डिपो के द्वितीय चरण के कार्य में अनुरक्षण सुविधाओं के विस्तार में इंस्पेक्षन बे-लाइन पर कवर्ड शेड़, वृह्द कवर्ड वर्कशॉप क्षेत्र का विकास, ओएचई सुविधा युक्त पिट लाइन, पिट व्हील अनुरक्षण का विस्तार, सर्विस बिल्डिंगों का निर्माण इत्यादि का कार्य किया जाएगा।

मैंटेनेंस सह वर्कशॉप डिपो के निर्माण से लाभ :-

- एक ही स्थान पर अत्याधुनिक तकनीक युक्त स्लीपर वंदे भारत ट्रेनों के अनुरक्षण की सुविधा मिलेगी।
- अत्याधुनिक तकनीक के उपयोग से संरक्षा में बढ़ोतरी होगी।
- अनुरक्षण सुविधा बेहतर होने से अधिक ट्रेनों को संचालित करने की क्षमता में बढ़ोतरी।
- अधिक ट्रेनों के संचालन से क्षेत्र में रेल कनेक्टीविटी को मजबूती मिलेगी।
- प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अनेक तरह के रोजगारों का सृजन होगा।

छठ के सुरों संग वंदे भारत एक्सप्रेस की यात्रा बनी यादगार

सूत्र/रे.स.ब्यू- भारतीय रेल की सेमी हाई-स्पीड और आधुनिक सुविधाओं से लैस वंदे भारत एक्सप्रेस सेवा ने एक बार फिर देशवासियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। छठ के पावन अवसर पर नई दिल्ली और पटना के बीच चलाई जा रही अनेक विशेष गाड़ियों में एक वंदे भारत एक्सप्रेस भी शामिल है, जिसने यात्रियों को छठ पर्व की भावना में डुबो दिया। शनिवार को विशेष वंदे भारत एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे यात्रियों के लिए सफर का अनुभव और भी खास बन गया, जब ट्रेन में छठ के पारंपरिक गीतों की मधुर धुनें गूंज उठीं। भारतीय रेल की इस पहल ने छठ पूजा के अवसर पर पारंपरिक लोकगीतों की मनमोहक धुनें बजाकर यात्रियों को अपने घर-परिवार और संस्कृति से भावनात्मक रूप से जोड़ दिया। छठ पर्व पर घर लौट रहे यात्रियों का उत्साह और आनंद इस दौरान कई गुना बढ़ गया।

वंदे भारत एक्सप्रेस अपनी रफ्तार के साथ-साथ अपनी आधुनिक सुविधाओं के लिए भी जानी जाती है। इसके कोच यात्रियों को एयरलाइंस जैसी सुविधा और आराम का अनुभव कराते हैं। ट्रेन में ऑटोमेटिक स्लाइडिंग दरवाजे, आरामदायक सीटें, फोल्डेबल स्नैक टेबल, प्रत्येक सीट पर चार्जिंग प्वाइंट, आधुनिक बायो-टॉयलेट, इंफोटेनमेंट सिस्टम और GPS आधारित रियल-टाइम सूचना जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। सुरक्षा के लिए इसमें स्वदेशी 'कवच' प्रणाली भी लगाई गई है, जिससे यह यात्रा को और सुरक्षित बनाती है।

वर्तमान में देशभर में 156 वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएं परिचालित हैं। वहीं, पटना और नई दिल्ली के बीच चलाई जा रही यह विशेष वंदे भारत एक्सप्रेस नियमित सेवाओं के अतिरिक्त है, जिसे विशेष रूप से त्योहारों के अवसर पर संचालित किया जा रहा है।

साबरमती-गोरखपुर-साबरमती रेलसेवा का थावे स्टेशन तक अस्थाई विस्तार की अवधि में परिवर्तन।

सूत्र/रे.स.ब्यू- रेलवे द्वारा गोरखपुर स्टेशन पर तकनीकी कार्य के कारण साबरमती-गोरखपुर- साबरमती रेलसेवा का थावे स्टेशन तक अस्थाई विस्तार की अवधि में परिवर्तन किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 19409/19410, साबरमती-गोरखपुर-साबरमती रेलसेवा का थावे स्टेशन तक संचालन की अवधि में साबरमती से दिनांक 26.02.26 तक के स्थान पर दिनांक 14.02.26 तक एवं गोरखपुर से दिनांक 28.02.26 तक के स्थान दिनांक 16.02.26 तक अस्थाई विस्तार किया जा रहा है।

यात्रीगण इन ट्रेनों के फेरों के विस्तार का लाभ उठा सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए आप रेलवे की आधिकारिक सेवा NTES या हेल्पलाइन 139 पर संपर्क कर सकते हैं।

उत्तर रेलवे मुख्यालय, बड़ौदा हाउस में डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान 4.0 का शुभारंभ।

सूत्र/रे.स.ब्यू- उत्तर रेलवे अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा की घोषणा करता है। रेलवे के पेंशनभोगी सेवा केंद्र, मुख्यालय कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली, में 1 नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान 4.0 का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को उनके बैंकों में जीवन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने में सहायता प्रदान करने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

अभियान में भाग लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज

आधार संख्या: सुरक्षित पहचान सत्यापन के लिए अनिवार्य।

मोबाइल नंबर: ओटीपी (OTP) प्राप्त करने सहित विभिन्न प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक।

पेंशन का विवरण: अपने पेंशन वितरण बैंक खाते की जानकारी और अनुमोदनकर्ता प्राधिकारी का नाम (पीपीओ की प्रतिलिपि) तैयार रखना अपेक्षित है।

पासपोर्ट साइज फोटो: प्रस्तुत करने की विधि के आधार पर एक रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो होना अपेक्षित है।

बैंक खाता विवरण: बैंक खाते की पासबुक की एक प्रतिलिपि जिसमें आईएफएससी (IFSC) कोड स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो।

उत्तर रेलवे अपने सभी पात्र पेंशनभोगियों को इस महत्वपूर्ण सुविधा का लाभ उठाने और 30 नवंबर 2025 की अंतिम तिथि से पहले अपना प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

रेल मंत्री ने अहमदाबाद स्टेशन का दौरा किया, अहमदाबाद स्टेशन पुनर्विकास और हाई स्पीड रेल परियोजना की प्रगति की समीक्षा की।

अहमदाबाद रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास परियोजना न केवल आधुनिक अवसंरचना का प्रतीक बनेगी, बल्कि शहर की सांस्कृतिक विरासत को भी संजोए रखते हुए अहमदाबाद को एक प्रमुख वैश्विक महानगर के रूप में स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी।

सूत्र/रे.स.ब्यू- रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अहमदाबाद स्टेशन का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने अहमदाबाद स्टेशन पर चल रहे स्टेशन पुनर्विकास कार्यों तथा हाई स्पीड रेल (बुलेट ट्रेन) परियोजना के प्रगति की समीक्षा की। रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अहमदाबाद स्टेशन पुनर्विकास कार्य का निरीक्षण किया और इस अवसर पर मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि भारत में यात्रियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए देशभर में स्टेशनों का व्यापक पुनर्विकास किया जा रहा है। वर्तमान में 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों पर पुनर्विकास कार्य प्रगति पर है, जिनमें अहमदाबाद स्टेशन एक प्रमुख स्टेशन है।

रेल मंत्री ने बताया कि अहमदाबाद स्टेशन पर 16 मंजिला आधुनिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। सरसपुर साइड पर बुलेट ट्रेन परियोजना का कार्य तेजी से चल रहा है तथा अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल स्टेशन लगभग पूर्णता की ओर है। बुलेट ट्रेन स्टेशन और अहमदाबाद रेलवे स्टेशन को आपस में एकीकृत (इंटीग्रेटेड) रूप से विकसित किया जा रहा है, सरसपुर साइड मेट्रो स्टेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा यात्रियों के लिए खोला जा चुका है।

उन्होंने आगे बताया कि अहमदाबाद स्टेशन को तीन अतिरिक्त प्लेटफॅार्म प्राप्त होंगे, जिससे स्टेशन की ट्रेनों की परिचालन क्षमता में वृद्धि होगी। स्टेशन को शहर के दोनों ओर कालूपुर और सरसपुर साइड आधुनिक स्वरूप में विकसित किया जा रहा है। सभी प्लेटफॉर्म कोंकर्स रूफ प्लाजा से कवर हो जाएंगे तथा स्टेशन पर एलीवेटेड रोड का कार्य भी तीव्र गति से जारी है। इस प्रकार शहर के दोनों छोर कोंकोर्स, एलेवेटेड रोड, फूटओवर ब्रिज से जुड़ जाएगा। मंत्री महोदय ने बताया कि पिछली बार जब उन्होंने परियोजना का निरीक्षण किया था, तब बेसमेंट का कार्य प्रगति पर था, अब दो अंडरग्राउंड बेसमेंट एवं ग्राउंड फ्लोर का कार्य पूर्ण हो गया है जबकि चौथी मंजिल तक का स्ट्रक्चर फ्रेम तैयार हो चुका है।

देश के प्रमुख 20 स्टेशनों जैसे दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और अहमदाबाद से नई ट्रेनों की डिमांड अधिक आती है। गुजरात में अहमदाबाद और सूरत से से अधिक मांग रहती है। इस बढ़ती डिमांड को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों की परिचालन क्षमता बढ़ाने हेतु अहमदाबाद के वटवा में एक मेगा टर्मिनल विकसित किया जाएगा, जिसमें 10 पिट लाइनों का निर्माण होगा। इसके माध्यम से लगभग 45 अतिरिक्त ट्रेनों की केपेसिटी बढ़ेगी जिससे अहमदाबाद से लगभग 150 ट्रेनों का संचालन संभव हो पाएगा।

अहमदाबाद स्टेशन का पुनर्विकास कार्य विरासत स्मारकों को आधुनिक शहरी केंद्र के साथ एकीकृत करने की अवधारणा पर आधारित है। यह परियोजना एक विश्वस्तरीय मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब (MMTH) का निर्माण करेगी, जिसमें पर्याप्त पार्किंग, कालूपुर आरओबी और सारंगपुर आरओबी को जोड़ने वाला एलिवेटेड रोड नेटवर्क, लैंडस्केप्ड प्लाजा, कॉनकोर्स एरिया तथा उन्नत यात्री सुविधाएं सम्मिलित होंगी।

स्टेशन का वास्तुशिल्प डिजाइन मोढेरा सूर्य मंदिर से प्रेरित है, जो सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक सौंदर्य का सुंदर समावेश प्रदर्शित करेगा। कालूपुर साइड स्थित आइक निक एमएमटीएच टॉवर अहमदाबाद के वास्तु परिदृश्य का नया प्रतीक बनेगा। एएसआई संरक्षित 'ईंट (ब्रिक्स) मीनार' और 'झूलता मीनार' को भी पुनर्विकास योजना में समाहित किया जाएगा।

यह स्टेशन राष्ट्रीय हाई-स्पीड रेल टर्मिनल, मेट्रो और बीआरटीएस से एलिवेटेड नेटवर्क के माध्यम से निर्बाध रूप से जुड़ा होगा, जिससे सुचारू मल्टीमॉडल एकीकरण सुनिश्चित होगा और शहर में भीड़भाड़ में कमी आएगी।

रेल पटरियों के ऊपर 15 एकड़ में फैला कॉनकोर्स प्लाजा और 7 एकड़ का मेजेनाइन प्लाजा बनाया जाएगा, जिसमें यात्रियों के लिए प्रतीक्षा कक्ष, शौचालय, फूड कोर्ट, खुदरा दुकानें आदि सुविधाएं होंगी। यह पुनर्विकसित स्टेशन एक ग्रीन बिल्डिंग के रूप में विकसित होगा, जो ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण एवं नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग पर केंद्रित रहेगा।

स्टेशन में अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकें, स्वचालित पार्सल डिपो सिस्टम और दिव्यांगजन-अनुकूल संरचना (लिफ्ट एवं एस्केलेटर सहित) सुनिश्चित की गई हैं।

रेलवे ने बढ़ाई अजमेर-सोलापुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की अवधि, यात्रियों को मिलेगा लाभ।

सूत्र/रे.स.ब्यू- रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु अजमेर- सोलापुर- अजमेर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में 03 ट्रिप का विस्तार किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 09627/09628, अजमेर-सोलापुर-अजमेर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में अजमेर से दिनांक 12.11.25 से 26.11.25 तक (03 ट्रिप) एवं सोलापुर से दिनांक 13.11.25 से 27.11.25 तक (03 ट्रिप) तक विस्तार किया जा रहा है।

नोट–उक्त रेलसेवा का संचालन समय व ठहराव यथावत रहेगा।

यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

Scanned with OKEN Scanner

सुपर ऐप 'रेलवन (स्वरेल)' ने रेलवे यात्री सुविधाओं को बनाया और अधिक सरल

सूत्र/रे.स.ब्यू- भारतीय रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए विभिन्न सेवाओं को एक ही मंच पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एकीकृत मोबाइल सुपर ऐप 'रेलवन (स्वरेल)' का बीटा संस्करण जनवरी 2025 में शुरू किया गया है । यह ऐप रेलवे टिकट बुकिंग (आरक्षित, अनारक्षित और प्लेटफॉर्म टिकट), ट्रेन पूछताछ, ई-कैटरिंग, शिकायत निवारण एवं अन्य यात्री सेवाओं से जोड़ते हुए रेलवे यात्रा को और अधिक सुगम, आधुनिक एवं सुविधाजनक बना रहा है। यह पहल रेलवे उपयोगकर्ताओं के लिए सुविधा बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सुपरऐप भारतीय रेलवे सेवाओं तक अधिक तीव्र, सरल और अधिक कुशल पहुँच प्रदान करता है ।

ऐप का प्रयोग :

- सीआरआईएस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, प्ले स्टोर या ऐप स्टोर से ऐप डाउनलोड करें।
- रेलकनेक्ट या यूटीएस मोबाइल ऐप के मौजूदा उपयोगकर्ता अपने पहचान के प्रमाण के साथ सीधे लॉग इन कर सकते हैं।
- नये उपयोगकर्ता न्यूनतम डेटा प्रविष्टि आवश्यकताओं के साथ पंजीकरण कर सकते हैं।

ऐप उपयोगकर्ताओं को अपने मौजूदा रेलकनेक्ट या यूटीएस ऑन मोबाइल पहचान के प्रमाण का उपयोग करके प्रयोग करने की अनुमति देता है। एक बार पंजीकृत होने के बाद, इन प्लेटफॉर्म पर समान पहचान के प्रमाण लागू होते हैं। सिंगल-साइन-ऑन सुविधा कई पासवर्ड याद रखने की आवश्यकता को कम करती है। पहले लॉग इन पर, टिकट बुकिंग की सुविधा के लिए प्रत्येक उपयोगकर्ता के लिए एक आर-वॉलेट बनाया जाता है। यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप से मौजूदा आर-वॉलेट स्वचालित रूप से लिंक हो जाते हैं। ऐप एक संख्यात्मक एम-पिन का उपयोग करके एक सुरक्षित और सुविधाजनक लॉगिन विकल्प भी प्रदान करता है। पूछताछ के लिए, उपयोगकर्ता मोबाइल नंबर/ओटीपी के माध्यम से अतिथि के रूप में लॉग इन कर सकते हैं।

ऐप से सुविधा :

- टिकट बुकिंग और रद्दीकरण
- रियल टाइम ट्रेन पूछताछ एवं लाइव स्टेटस
- ई-कैटरिंग सेवा के माध्यम से भोजन की ऑनलाइन बुकिंग
- शिकायत एवं सुझाव दर्ज कराना तथा उनकी स्थिति देखना
- पार्सल बुकिंग

सुपरऐप की अनूठी विशेषताएं

- ***सिंगल साइन–ऑन*** – उपयोगकर्ता एक ही पहचान का प्रमाण का उपयोग करके सभी सेवाओं तक पहुँच सकेंगे। इसके अलावा, वही पहचान के प्रमाण मौजूदा भारतीय रेलवे ऐप जैसे आईआरसीटीसी रेलकनेक्ट, यूटीएस मोबाइल ऐप आदि में प्रयोग किए जाएँगे।
- ***ऑल–इन–वन ऐप*** – वर्तमान में, आरक्षित और अनारक्षित बुकिंग के लिए अलग-अलग ऐप उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, ट्रेन की आवाजाही और समयसारिणी की जांच करने के लिए एक अलग ऐप की आवश्यकता होती है। ये सभी सेवाएँ अब एकीकृत ऐप के माध्यम से उपलब्ध होंगी।
- ***एकीकृत सेवाएँ*** – विभिन्न स्रोतों से व्यापक जानकारी को सुसंगत और एकीकृत तरीके से प्रदान करने के लिए सेवाओं को एकीकृत किया जा रहा है। उदाहरण के लिए, पीएनआर पूछताछ में संबंधित ट्रेन की जानकारी भी प्रदर्शित होगी ।

यह ऐप उपयोगकर्ता-अनुकूल इंटरफेस, बहुभाषी विकल्प एवं सुरक्षित भुगतान प्रणाली से सुसज्जित है। इसके माध्यम से भारतीय रेलवे डिजिटल भारत की दिशा में एक और बड़ा कदम उठा रहा है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे इस सुपर ऐप का अधिकतम उपयोग करें और डिजिटल माध्यम से यात्रा संबंधी सेवाओं का लाभ उठाएं। 'रेलवन (स्वरेल)' एंड्रइड एवं iOS दोनों प्लेटफॉर्म पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है ।

टूंडला जंक्शन पर चेकिंग अभियान में पकड़े गए 08 अवैध वेंडर।

सूत्र/रे.स.ब्यू- प्रयागराज मण्डल अपने सभी यात्रियों को उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान करने के लिए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/फ्रेट, श्री अतुल यादव के निर्देशन में त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रयागराज मंडल के सभी प्रमुख स्टेशनों पर सघन टिकट एवं अवैध वेंडरों के विरुद्ध स्टेशनों एवं गाड़ियों में चेकिंग अभियान चलाता रहता है ।

दिनांक 28.10.2025 को उप मुख्य यातायात प्रबंधक/टूंडला, श्री अमित आनंद के सुपरविजन में टूंडला जंक्शन पर मुख्य वाणिज्य निरीक्षक/टूंडला श्री मनोज कुमार, मुख्य टिकट निरीक्षक/टूंडला एवं 02 टिकट चेकिंग कर्मचारियों ने मिलकर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस चेकिंग अभियान के दौरान 08 अनाधिकृत वेंडरों को खाद्य वस्तुओं का विक्रय करते हुए पकड़ा गया । अग्रिम करुवई के लिए पकड़े गए वेंडरो को रेलवे सुरक्षा बल के सुपुर्द कर दिया गया।

इस अभियान में टूंडला रेलवे स्टेशन पर गुजरने वाली गाड़ियों में एवं खानपान स्टालों पर खानपान व्यवस्थाओं एवं खानपान सामग्री को चेक किया गया। यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं में मुख्यता खानपान सामाग्री पर ओवर चार्जिंग, टॉयलेट की साफ सफाई की समस्याओं का समाधान किया गया ।

रेल प्रशासन अपने सभी यात्रियों से अनुरोध करता है कि रेलगाड़ी तथा रेल परिसर में गन्दगी न फैलाएं, कूड़ा कूड़ेदांन में ही डाले तथा वैध टिकट के साथ यात्रा करें। केवल अधिकृत एवं आईआरसीटीसी द्वारा अनुमोदित वेंडरों से ही खाद्य सामग्री एवं पेय पदार्थ क्रय करें तथा किसी भी अवैध विक्रेता की जानकारी तत्काल रेलवे हेल्पलाइन 139 या निकटतम रेलवे अधिकारी को दें। रेलवे अपने सभी यात्रियों का सम्मान करती है और उनकी सुखद यात्रा की कामना करती है ।

पूर्व मध्य रेल, मुख्यालय हाजीपुर में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत "चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता" का आयोजन

सूत्र/रे.स.ब्यू- रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा एवं स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पूर्व मध्य रेल में 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर, 2025 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया ।

इसी क्रम में पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय में ''चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया तथा राजीव कुमार, मुख्य पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधक की गरिमामयी उपस्थिति में प्रतियोगिता के विजेता को प्रशंसा पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।

साथ ही साथ मुख्यालय में कार्यरत सफाईकर्मियों के बीच जूट बैग एवं टोपी का वितरण किया गया। इस दौरान प्लास्टिक निर्मित बैग का प्रयोग न करने एवं प्रकृति को प्लास्टिक से उत्पन्न होने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया तथा रेल परिसर, रेलवे स्टेशन को साफ एवं स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया।

लोह पुरुष की जयंती पर एकता की शपथ व दौड़, मंडल रेल प्रबन्धक 'द्वारा "रन फॉर यूनिटी'' रैली का फ्लैग ऑफ किया गया।

सूत्र/रे.स.ब्यू- रेलवे बोर्ड तथा मुख्यालय प्रयागराज के निर्देश के अनुपालन में सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के जन्मदिवस -31 अक्टूबर-2025 को राष्ट्रीय एकता दिवस को "एक भारत श्रेष्ठ भारत'' Spirit/भाव पर मनाया जा रहा हैं। सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के जन्मदिवस दिनाक-31 अक्टूबर-2025 को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आगरा मण्डल में मंडल रेल प्रबन्धक श्री गगन गोयल द्वारा सभी अधिकारियो एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। मंडल रेल प्रबन्धक श्री गगन गोयल ने अपने सम्बोधन में राष्ट्र के प्रति लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के योगदान तथा राष्ट्रीय एकता दिवस को "एक भारत श्रेष्ठ भारत'' Spirit/भाव के रूप मंड मनाये जाने के बारे में अधिकारियो एव कर्मचारियो को संक्षेप में बताया गया। मंडल रेल प्रबन्धक द्वारा "रन फॉर यूनिटी'' रैली का फ्लैग ऑफ किया गया, यह मण्डल कार्यालय से टैंक चौराहा तक "रन फॉर यूनिटी'' की रैली निकाली गई। "रन फॉर यूनिटी'' रैली में आरपीएफ ,स्काउट गाइड ,खेल कूद कोटा के कर्मचरियों सहित सभी विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आरपीएफ द्वारा मार्चपास्ट किया गया। इसी क्रम में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर स्टेशन निदेशक आगरा कैंट श्री संतोष कुमार त्रिपाठी और सहायक सुरक्षा आयुक्त आगरा श्री टी के अग्निहोत्री के द्वारा आगरा कैंट स्टेशन पर कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई, इसी क्रम में सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर स्टेशन निदेशक मथुरा जंक्शन श्री एन पी श्रीवास्तव और सहायक सुरक्षा आयुक्त मथुरा श्री ए के वर्मा के द्वारा मथुरा जंक्शन स्टेशन पर कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई, राष्ट्रीय एकता दिवस एव सतर्कता जागरूकता सफ्ताह के अवसर पर मण्डल कार्यालय ,आगरा कैंट तथा मथुरा स्टेशन पर निबन्ध ,वाद विवाद , प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया ,जिसमे सभी विभाग के कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया गया। जिसमें प्रतिभागियों का रिजल्ट जारी कर पुरस्कृत किया गया।

श्री मुदित चंद्रा ने प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी उत्तर मध्य रेलवे का किया कार्यभार ग्रहण

सूत्र/रे.स.ब्यू- श्री मुदित चंद्रा ने उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने यह पद निवर्तमान प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री एस. बालाचंद्र अय्यर के 31 अक्टूबर 2025 को सेवानिवृत्त होने के उपरांत ग्रहण किया है।

श्री चंद्रा 1998 सिविल सेवा परीक्षा बैच के भारतीय रेल कार्मिक सेवा अधिकारी हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सेंट जोसेफ कॉलेज, प्रयागराज से पूरी की, और उसके बाद मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (MNNIT), प्रयागराज से मैकेनिकल इंजीनियरिंग (बी ई) की डिग्री प्राप्त की।

श्री चंद्रा ने उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में पदस्थ होने से पहले भारतीय रेलवे में उप महाप्रबंधक (सामान्य), उत्तर मध्य रेलवे के आगरा, झांसी और प्रयागराज मंडलों में मानव संसाधन (HR) प्रमुख और आगरा मंडल में अपर मंडल रेल प्रबंधक/परिचालन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएँ दी हैं।

महाप्रबंधक ने किया नवनिर्मित व्हील एवं बोगी शेड का उद्घाटन

सूत्र/रे.स.ब्यू- आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में दिनांक 17.10.2025 को नवनिर्मित व्हील एवं बोगी शेड का उद्घाटन महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा के कर कमलों द्वारा आरेडिका के प्रधान मुख्य विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में किया गया।

आरेडिका को 1000 कोच निर्माण की क्षमता हेतु स्थापित किया गया था। लेकिन निर्माण क्षमता में आरेडिका लगातार वृद्धि कर रहा है, अतः उत्पादन को गति देने के लिए अवसंरचना में विस्तार करना भी आवश्यक होता है। जिससे कोच निर्माण में उपयोग होने वाले व्हीलों एवं बोगियों के उचित रख-रखाव हेतु लम्बे समय से एक अतिरिक्त शेड की आवश्यकता महसूस हो रही थी। इसलिए अभियांत्रिकी विभाग एवं विद्युत विभाग के सहयोग से 3060 स्क्वायर मीटर के नये व्हील एवं बोगी शेड का निर्माण कार्य किया गया है।

महाप्रबंधक महोदय ने बताया कि यह अवसंरचना विस्तार हेतु एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके निर्माण से रेल डिब्बा के उत्पादन में वृद्धि होगी एवं अतिरिक्त व्हील एवं बोगी प्रबंधन में मदद मिलेगी। इसके साथ ही महाप्रबंधक महोदय ने वन्देभारत में लगने वाले सीटों का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रवीश कुमार, प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य, अभियंता एसपी यादव, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा० आभा जैन, सीएमएमध्फर आर के सिंह, सीएमएम/बोगी सुशील झा, सीएमएम/शेल के के कनौजिया, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द एवं सिविल एवं विद्युत विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

कोयम्बटूर-मदार-कोयम्बटूर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन।

सूत्र/रे.स.ब्यू- रेलवे द्वारा यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु कोयम्बटूर-मदार-कोयम्बटूर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 06181, कोयम्बटूर-मदार साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 13.11.25 से 04.12.25 तक (04 ट्रिप) कोयम्बटूर से प्रत्येक गुरुवार को 02:30 बजे रवाना होकर शनिवार को 11:20 बजे मदार पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06182, मदार-कोयम्बटूर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 16.11.25 से 07.12.25 तक (04 ट्रिप) मदार से प्रत्येक रविवार को 23:50 बजे रवाना होकर बुधवार को 08:30 बजे कोयम्बटूर पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में तिरुप्पूर, इरोड, सेलम, जोलारपेट्टै, काटपाडी, रेणिगुंटा, कडपा, यर्रगुंटला, गुत्ती, द्रोण, करनूलु सिटी, गदवाल, महबूबनगर, काचीगुडा, कामारेड्डी, निजामाबाद, बासर, मुदखेड़, नान्देड़, पूर्णा जं., हिंगोली, वाशिम, अकोला, मल्कापुर, भुसावल, जलगांव, नंदुरबार, उधना, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, जावरा, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, चंदेरिया, भीलवाड़ा, बिजयनगर, नसीराबाद व अजमेर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

इस रेलसेवा में 07 थर्ड एसी, 04 थर्ड एसी इकोन मी, 07 द्वितीय शयनयान, 02 पॉवरकार डिब्बों सहित कुल 20 डिब्बे होंगे।

यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

झेलम एक्सप्रेस में पकड़ा गया फर्जी टीटीई, GRP के सुपुर्द।

सूत्र/रे.स.ब्यू- दिनांक 22.10.25 को दोपहर 15:15 बजे मुख्य वाणिज्य निरीक्षक ग्वालियर और कमर्शियल कंट्रोल से प्राप्त सूचना के आधार पर सीटीआई ग्वालियर एवं आरपीएफ स्टाफ द्वारा 11077 डाउन झेलम एक्सप्रेस के जनरल व दिव्यांग कोच में संयुक्त जांच की गई।

जांच के दौरान एक व्यक्ति झांसी से ग्वालियर तक बिना टिकट यात्रा करते हुए खुद को स्वयं को टीटीई बताकर यात्रियों से अवैध रूप से पैसे वसूलता पाया गया। उसके पास से 1620 नकद बरामद हुए। उक्त व्यक्ति का वीडियो एक यात्री द्वारा रेलवे ट्विटर पर साझा किया गया था। आरोपी को जीआरपी के सुपुर्द कर आवश्यक कार्रवाई की गई।

इस कार्यवाही में सीटीआई राजीव शर्मा, लोकेन्द्र कौशिक, विजय कुमार सिंह, मोहित विश्वास, अर्पित गोस्वामी, अमित परमार, नीरज कौशिक तथा आरपीएफ एएसआई अशोक सिंह भदौरिया, कांस्टेबल शीशराम गुर्जर व अजीत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षों की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सदस्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१. उच्चतम अधिकारी-5000 रु. मात्र
२. उच्च अधिकारी- 3500 रु. मात्र
३. अधीनस्थ अधिकारी-2500 रु. मात्र
४. रेलकर्मी/अन्य सदस्य-1000 रु. मात्र

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

पंजिकृत कार्यालय

502 पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर, कीडगंज प्रयागराज-211003 से प्रकाशित।

कैंप कार्यालय- अनिल केन (रिपोॅटर)
कार्यालय 8439 आर्य नगर
पहाड़गंज दिल्ली-55

समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव दि.
इलाहाबाद ब्लॉक वर्क्स प्रा. लि.
329/255 चक. जीरो रोड इलाहाबाद से मुद्रित एवं 502 पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर, कीडगंज प्रयागराज-211003 से प्रकाशित।
आर.एन. आई नं. 51097-90 पोस्ट ए.डी.-8
मो. 9773946044 / 9793956044
फोन नं. 0532-2418040

Scanned with OKEN Scanner

उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह आयोजित

सूत्र/रे.स.ब्यू- दिनांक 31.10.2025 को सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के जन्म दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक कार्यालय, प्रयागराज के प्रांगण में महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे श्री नरेश पाल सिंह ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को "राष्ट्रीय एकता दिवस" की शपथ दिलायी गयी ।

इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे खेलकूद संघ एवं रेल सुरक्षा बल द्वारा महाप्रबंधक महोदय के नेतृत्व में एकता दौड़ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाप्रबंधक महोदय ने हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ को रवाना किया। इस दौड़ में उत्तर मध्य रेलवे के खिलाड़ियों और रेल सुरक्षा बल कर्मियों के साथ अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी प्रतिभाग किया। यह दौड़ महाप्रबंधक कार्यालय के संगम परिसर के सामने से प्रारंभ हुई ।

कार्यक्रम में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, श्री बालचंद्र अय्यर सहित प्रधान विभागाध्यक्ष, अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं मुख्यालय के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

मंडल रेल प्रबंधक द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी धौलपुर तथा रायरु-कैलारस रेलखंड का विस्तृत निरीक्षण

सूत्र/रे.स.ब्यू- दिनांक 30 अक्टूबर 2025 को मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिरूद्ध कुमार द्वारा वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी धौलपुर रेलखंड का विंडो-ट्रेलिंग तथा रायरू-कैलारस रेलखंड का विस्तृत निरीक्षण किया गया। उन्होंने वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन से धौलपुर स्टेशन के मध्य निरीक्षण करते हुए रेलखंड की संरक्षा, परिचालन एवं स्वच्छता व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। इस दौरान ट्रैक की राइडिंग क्वालिटी, सिग्नल संस्थापन, जॉइंट्स, पॉइंट्स, समपार फाटक पर संरक्षा व्यवस्था एवं स्टेशन परिसरों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया।

निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम श्री कुमार ने चम्बल ब्रिज का विस्तृत निरीक्षण किया, जहाँ पर उन्होंने ब्रिज पर लगे सभी इंस्टालेशन सहित केबलिंग, नट-बोल्ट, क्लैंप आदि का कसाव आदि सभी संरक्षा पहलुओं पर विशेष ध्यान देते हुए परख की।

इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने रायरू स्टेशन का निरीक्षण किया, यहाँ उन्होंने स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, स्टेशन पर आने-जाने के मार्ग, सर्कुलेटिंग एरिया के साथ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। रायरू स्टेशन पर उन्होंने विस्तारित किये जा रहे माल गोदाम तथा नवनिर्मित पब्लिक टॉयलेट, स्टेशन यार्ड, माल गोदाम की व्यवस्थाओं आदि का भी विस्तृत अवलोकन किया तथा मर्चेंट रूम, 24 घंटे विद्युत आपूर्ति, प्रकाश एवं पेयजल व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया और साथ ही खाली पड़े एक कक्ष को लेबर कैंटीन में परिवर्तित करने के आदेश दिए।

तत्पश्चात उन्होंने गेज परिवर्तित ग्वालियर श्योपुरकलां खंड के अंतर्गत बामौर गाँव स्टेशन का निरीक्षण किया तथा सभी कार्यालयों तथा उपलब्ध यात्री सुविधाओं को देखा तथा आवश्यकतानुसार बेहतरी सम्बंधित निर्देश पारित किये। सुमावली तथा कैलारस स्टेशन पर प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया, कैटरिंग स्टॉल, स्टेशन पर उपलब्ध अर्थिंग पॉइंट्स आदि का विस्तृत निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए ।

इसके पश्चात श्री कुमार ने जौरा अलापुर स्टेशन का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसरों में स्वच्छता व्यवस्था एवं यात्री सुविधाओं के उच्चीकरण की समीक्षा की तथा वापसी में बिरलानगर रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया।

श्री हरिमोहन ने वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक (कोचिंग), प्रयागराज मण्डल का कार्यभार संभाला

सूत्र/रे.स.ब्यू- दिनांक 31 अक्टूबर, 2025 को श्री हरिमोहन ने उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज मण्डल में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक (कोचिंग) के पद का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वे उत्तर मध्य रेलवे के प्रधान कार्यालय में उप मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक (यूटीएस) के पद पर कार्यरत थे।

श्री हरिमोहन भारतीय रेलवे यातायात सेवा (IRTS) के 2011 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने वर्ष 2004 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने अपने कैरियर की शुरुआत वर्ष 2013 में उत्तर रेलवे, फिरोजपुर मण्डल में सहायक मण्डल परिचालन प्रबन्धक के रूप में की थी। इसके पश्चात् वे अंबाला मण्डल में मण्डल परिचालन प्रबन्धक, श्रीनगर में एरिया मैनेजर, फिरोजपुर एवं अंबाला मण्डलों में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक तथा उत्तर रेलवे, बड़ोदा हाउस में उप मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक/फ्रेट एवं मार्केटिंग के महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं।

केंद्रीय चिकित्सालय प्रयागराज में "विश्वास" रोगी-परिचारक विश्रामालय का किया उद्‌घाटन

सूत्र/रे.स.ब्यू- दिनांक 30 अक्टूबर, 2025 को केंद्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज में भर्ती रोगियों के साथ आने वाले परिचारकों के लिए निर्मित रोगी-परिचारक विश्रामालय "विश्वास" का शुभारंभ महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे श्री नरेश पाल सिंह एवं प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे श्री एस. बालाचंद्र अय्यर द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मंडल श्री रजनीश अग्रवाल, एम.डी./केंद्रीय चिकित्सालय श्री एस. के. हांडू, अपर मंडल रेल प्रबंधक/सामान्य श्री दीपक कुमार, सचिव/महाप्रबंधक श्री अखिल शुक्ला, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे श्री शशिकांत त्रिपाठी, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) श्री जावेद, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री वैभव गुप्ता, सी.एम.एस. डॉ. सुरेन्द्र नाथ, मंडल अभियंता (संपदा) श्री अर्चित जैन, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर महाप्रबंधक/उत्तर मध्य रेलवे के साथ एम.डी./केंद्रीय चिकित्सालय श्री एस. के. हांडू, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र नाथ, अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं विभिन्न यूनियन प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

उद्‌घाटन के पश्चात महाप्रबंधक महोदय ने केंद्रीय चिकित्सालय के अपग्रेडेशन हेतु चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ळ३ भवन निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया और कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने अस्पताल में प्रस्तावित भविष्य के विस्तार कार्यों पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की।

"विश्वास" विश्रामालय की स्थापना का उद्देश्य रोगियों के साथ आने वाले परिजनों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुविधाजनक ठहराव की व्यवस्था उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें चिकित्सा अवधि के दौरान बेहतर सहयोग और विश्राम का वातावरण मिल सके।

श्री सोमेश कुमार, अतिरिक्त सदस्य (ट्रैक्शन), रेलवे बोर्ड ने संभाला बरेका के महाप्रबंधक का अतिरिक्त कार्यभार

सूत्र/रे.स.ब्यू- भारतीय रेल सेवा के इलेक्ट्रिकल इंजी-नियरिंग कैडर के 1987 बैच के वरिष्ठ एवं अनुभवी अधिकारी श्री सोमेश कुमार ने बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के महाप्रबंधक का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण किया है। वर्तमान में वे रेलवे बोर्ड,नई दिल्ली में अतिरिक्त सदस्य (ट्रैक्शन) के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं।

श्री सोमेश कुमार ने वर्ष 1991 में झाँसी मंडल में सहायक विद्युत इंजीनियर (सामान्य) के रूप में भारतीय रेल सेवा में अपना करियर प्रारंभ किया था। लगभग 34 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा अवधि में उन्होंने रेलवे के अनेक महत्त्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए अपनी अद्वितीय नेतृत्व क्षमता और तकनीकी दक्षता का परिचय दिया है।

उन्होंने झाँसी, बरेका, भोपाल, नागपुर, अंबाला, लखनऊ, सिकंदराबाद एवं चेन्नई जैसे प्रमुख जोनल रेलवे और उत्पादन इकाइयों में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

दक्षिण मध्य रेलवे,सिकंदराबाद में ऊर्जा संरक्षण में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ:

प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर, दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद के रूप में उनके कार्यकाल में, दक्षिण मध्य रेलवे को राष्ट्रीय स्तर पर चार ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार प्राप्त हुए - जो किसी भी क्षेत्रीय रेलवे द्वारा प्राप्त सर्वाधिक थे। इसके अतिरिक्त विभिन्न मंडलों को पाँच राज्य स्तरीय और छह CII पुरस्कार भी प्राप्त हुए।

नागपुर मंडल में उत्कृष्ट प्रशासनिक प्रदर्शन:

मंडल रेल प्रबंधक, नागपुर के रूप में, उनके कार्यकाल में मंडल ने रेलवे सप्ताह 2018-19 में 7 शील्ड और 2019-20 में 8 शील्ड प्राप्त कीं। साथ ही, माल लदान में वृद्धि के लिए उन्हें रेलवे बोर्ड द्वारा विशेष प्रशंसा पत्र भी प्रदान किया गया।

दक्षिण रेलवे में संरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार:

प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, दक्षिण रेलवे, चेन्नई के कार्यकाल में उनके नेतृत्व में व्यापक सुरक्षा ऑडिट एवं सेफ्टी ड्राइव संचालित किए गए, जिसके परिणामस्वरूप उस अवधि में दक्षिण रेलवे में कोई गंभीर दुर्घटना नहीं हुई।

100% विद्युतीकरण एवं तकनीकी प्रगति में योगदान:

प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर, दक्षिण रेलवे के रूप में उन्होंने 100% विद्युतीकरण और क्रू प्रबंधन प्रणाली के सुदृढ़ीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह है, कि श्री सोमेश कुमार मार्च 2005 से नवंबर 2011 तक बरेका में उप मुख्य डिजाइन इंजीनियर (ई.एम.) के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

यात्रियों की है जिम्मेदारी, साफ रहे रेल हमारी !

यात्रियों की है जिम्मेदारी,
साफ रहे रेल हमारी!
चलते हर डिब्बे में खुशबू हो,
न हो गंदगी की बीमारी।

डस्टबिन में डाले कचरा,
यही सभ्यता की पहचान।
हम सब मिलकर रखेंगे ध्यान,
यही देशभक्ति, यही सम्मान।

कदम छोटा हो सकता है,
पर बदलेगी तस्वीर हमारी।
यात्रियों की है जिम्मेदारी,
साफ रहे रेल हमारी

तरुण गोयल
कानपुर, उत्तर प्रदेश

पाठको से अनुरोध

आपको यह अंक कैसा लगा ? इसमें आप और क्या परिवर्तन चाहते हैं ?
कजपया अपने सुझावों से अवश्य ही अवगत कराएं जिससे हम पत्रिका में सुधार कर सकें। हमें आपके सुझाव का इंतजार रहेगा।

प्रधान संपादक

संपादकीय

जानलेवा 'रील' का जुनून: पटरियों पर ख़तरा मोल लेना कब बंद करेंगे युवा?

सोशल मीडिया पर वायरल होने की होड़ में, हमारे युवा लगातार रेलवे ट्रैक के सामने खड़े होकर या पटरियों के बीच में चलकर जानलेवा 'रील्स' बना रहे हैं, जो सीधे-सीधे अपनी कीमती जिंदगी को दाँव पर लगाना है। युवा यह भूल जाते हैं कि यह कोई शूटिंग स्टूडियो नहीं, बल्कि एक सक्रिय और हाई-स्पीड अ परेशनल क्षेत्र है, जहाँ दूर से आती ट्रेन जितनी धीमी दिखती है, वह वास्तव में उससे कहीं ज़्यादा तेज होती है, और अचानक ब्रेक लगाने पर भी उसे रुकने में सैकड़ों मीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। इसके अलावा, अत्यधिक गति से गुजरने वाली ट्रेन के पास हवा का शक्तिशाली सक्शन इफेक्ट भी पैदा होता है, जो उन्हें अपनी ओर खींच सकता है। यह जोखिम सिर्फ उस रील बनाने वाले व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह पूरे परिवार और ट्रेन ऑपरेटरों के लिए एक दुखद त्रासदी बन जाता है। आपकी रचनात्मकता और ऊर्जा को सुरक्षित स्थानों पर लगाएं, क्योंकि कोई भी 'लाइक' या 'व्यू' आपके जीवन से ज़्यादा मूल्यवान नहीं है। यह समझना जरूरी है कि एक पल की सनक और एक 'परफेक्ट शॉट' का लालच जीवन भर के पछतावे में बदल सकता है, इसलिए युवाओं को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए, लाइक्स की बजाय जिंदगी को ज़्यादा जरूरी मानना चाहिए और इस जानलेवा जुनून को तुरंत छोड़ देना चाहिए।

Scanned with OKEN Scanner

"स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" अभियान के तहत भारत ने तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स खिताब बनाए

सूत्र/रे.स.ब्यू- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राष्ट्रव्यापी "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" (एसएनएसपीए) के तहत तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स खिताब हासिल किए हैं, जो निवारक और महिला-केंद्रित स्वास्थ्य सेवा के प्रति भारत की अद्वितीय प्रतिबद्धता को मान्यता देते हैं।

प्राप्त रिकार्ड इस प्रकार हैं:

- एक महीने में स्वास्थ्य देखभाल प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण कराने वाले सबसे अधिक लोग 3,21,49,711 (3.21 करोड़ से अधिक)
- एक सप्ताह में स्तन कैंसर की ऑनलाइन स्क्रीनिंग के लिए साइन अप करने वाले सबसे अधिक लोग - 9,94,349 (9.94 लाख से अधिक)
